आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–09 फरवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी किए गए इसके दूसरे वीडियो में उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर बातचीत की। श्री मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षाओं से परे देखने और जीवन कौशल, खेल, रचनात्मकता तथा आत्म–विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने 'वेड इन इंडिया' अभियान का भी जिक्र किया, जो विदेश के बजाय देश में ही शादी समारोह आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

मैं मेरे देश की चीजें खरीदूगां। मैं भारत में जो चीजें बनी है, उसको लूगां। जैसे मैं कहता हूं वेड इन इंडिया। अब कुछ लोग पैसे वाले लोगों को लगता है कि दुबई में जाकर शादी करेंगे वहां। हिन्दुस्तान में क्या कमी है भई। हम सब देश के नागरिक छोटी–छोटी चीजों को करें। हम जरूर विकसित भारत बनाने में अपना दायित्व निभा सकते है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन की आवश्कता पर बल दिया।

अगर अनुशासन है ही नहीं, तो कितने ही इन्सपरेशन होगा, तो वो इन्सपरेशन किस काम का। मान लीजिए कि एक किसान है, उसको प्रेरणा मिल रही है बगल वाला किसान बहुत फसल कर रहा है। इन्सपरेशन है यार लेकिन ये जोतेगा नहीं और बारिश आ गई फिर वो कुछ भी करें, उसकी हालत खराब ही रहेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी पर निर्भर होने के बजाय इसका बुद्धिमानी से उपयोग करना चाहिए।

हमे किसी चीज से डरना नहीं चाहिए। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम उसके गुलाम नहीं बनेंगे। मैं अपने जीवन में मैं ही निर्णायक रहूंगा वह मेरा मालिक नहीं बनेगा। जैसे कुछ बच्चों का है कि मोबाइल उनका मालिक बन गया है। अगर मोबाइल नहीं है तो खाना नहीं खा सकता है, टीवी नहीं है तो जी नहीं सकता।

****

उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो गया। विधानसभा और विधान परिषद के संयुक्त सत्र की शुरूआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से हुयी। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में प्रदेश सरकार की प्रमुख उपलब्धियों को गिनाते हुए प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ–दो हजार पच्चीस और माघ मेला–दो हजार छब्बीस की सफलता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में करीब छियासठ करोड़ श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया था, जो विश्व का सबसे बड़ा मानव समागम है। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पहले से काफी बेहतर हुयी है। करीब छः करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं।

राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी दलों ने कुछ मुद्दों पर विरोध जताया और हंगामा भी किया। अभिभाषण के बाद सदन कल सुबह ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित हो गया।

****

बजट सत्र से पहले संवाददाताओं को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बजट सत्र में सरकार हर मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार है।

बजट सत्र में दो महत्वपूर्ण ऐजेंडे होते हैं, एक माननीय राज्यपाल जी का अभिभाषण और दूसरा सामान्य बजट। माननीय राज्यपाल जी का अभिभाषण वह सरकार की उपलब्धियों और भावी कार्ययोजना का सरकार का अपना एक दस्तावेज होता है, जिसे राज्यपाल जी के माध्यम से सदन के माध्यम से पूरे प्रदेश के जनता–जनार्दन को समर्पित किया जाता है और यह सभी माननीय सदस्य उस पे चर्चा करते हैं।

****

उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज विधानसभा में प्रदेश की आर्थिक समीक्षा–दो हजार पच्चीस–छब्बीस प्रस्तुत की। एक रिपोर्ट–

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पिछले नौ सालों में बजट का आकार दोगुना हो गया है। श्री खन्ना ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसका आकार वर्ष दो हजार सोलह–सत्रह में 13.30 लाख करोड़ से दोगुना से अधिक बढ़कर वर्ष 2024–25 में 30.25 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में 36 लाख करोड़ के आंकड़े तक पहुंचे की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रतिव्यक्ति आय सकल घरेलू उत्पाद के आधार पर वर्ष 2016–17 में 61 हजार 142 से बढ़कर 2024–25 में 1 लाख 26 हजार 304 हो गयी है। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में वर्ष 2024–25 के अनुसार कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र का योगदान 25.8 प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र का 27.2 प्रतिशत तथा सेवा क्षेत्र का 47 प्रतिशत है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में प्रदेश का अधिकतम और न्यूनतम तापमान धीरे–धीरे बढ़ने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग के अनुसार इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा। विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में एक या दो स्थानों पर घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का येलो अलर्ट जारी किया है।

****